## 15 दिन बाद भी सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन नहीं

# मानव जीवन के लिए खतरा बने रेबीज संक्रमित कुत्तों पर नहीं दिया जा रहा ध्यान

हरिभूमि, जबलपुर।

मानव जीवन के लिए खतरनाक साबित हो रहे रेबीज संक्रमित और बीमार कुत्तों को मारे जाना का आदेश सुप्रीम कोर्ट ने आज से लगभग 15 दिन पूर्व 19 मई 2026 को जारी किया है। बावजूद इसके शहर में लगातार बढ़ रही डॉग बाई की घटनाओं को लेकर पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं, जबकि अदालत के मुताबिक बच्चे, बुजुर्ग, यात्री आये दिन डॉग बाइट का शिकार हो रहे हैं, कुत्तों की बढ़ती संख्या से निपटने लाइलाज बीमारी ग्रस्त रेबीज संक्रमित और मानव जीवन के लिए खतरनाक साबित हो रहे कुत्तों को मारने के उपाय जवाबदेह अधिकारी कर सकते हैं।

### स्थानीय कार्यवाही का असर नहीं

इस संबंध में नगर व जिला प्रशासन ने स्थानीय स्तर पर कार्यवाही तो की, लेकिन इसका असर जमीनी स्तर पर नजर नहीं आ रहा और डॉग बाइट की घटनाओं में इजाफा जारी है। अभी हाल ही में गढ़ा के देवताल क्षेत्र में एक आवारा कुत्ते ने 70 वर्षीय वृद्ध जुगलकिशोर सोनी को घायल कर दिया, वे पैदल त्रिपुरी चौक की ओर जा रहे थे, स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त आवारा कुत्ता इससे पहले भी कई लोगों को काट चुका है। इसी प्रकार एक अन्य मामले में हनुमानताल में एक प्रौढ़ को आवारा कुत्ते ने काट लिया।



### सड़ी मादा कुत्ता क्षेत्र को कर रही संक्रमित

एक जानकारी के अनुसार गोरखपुर जोगी मोहल्ला में सरकारी कुंआ से शराब दुकान के मध्य मादा कुत्तों की संख्या सर्वाधिक है, जिन्हें पकड़ने निर्धारित टीम अनदेखा कर देती है, यही मादा कुत्ते टू-व्हीलर यात्रियों की ओर झपटते हैं, वहीं एक बीमार मादा कुत्ता जो पीछे से सड़ चुकी है पूरे मोहल्ले में गंदगी छोड़ रही है, वह जहां बैठती है वहीं कीड़े, ब्लड छोड़ क्षेत्र को संक्रमित कर रही है। वार्ड सुपरवाइजर को कई बार कार्यवाही कर इसे पकड़ाने कहा गया, तो उनका साफ कहना है हम सफाई कर्मचारियों पर ध्यान देते हैं, कुत्तों का विषय हमारा नहीं है।

### कार्यवाही की सच्चाई

सार्वजनिक स्थलों के साथ नगर निगम चौराहा से बस स्टैंड के आसपास लगने वाली बिरयानी, मछली, मुर्गा फ्राई दुकानों के आसपास बड़ी संख्या में कुत्तों का झुंड आसानी से देखा जा सकता है, यदि कारगर कार्यवाही की जाती तो क्या ये कुत्तों के झुंड देखे जाते? यह प्रश्नचिन्ह है। जब सार्वजनिक स्थलों पर ये आवारा कुत्ते धमाचौकड़ी करते हैं तो घनी बस्ती, कालोनी या पहुंचविहीन स्थलों का क्या हाल होगा?

### देखभाल, फीडिंगकर्ताओं पर होगी कार्यवाही

सुको के स्पष्ट निर्देश हैं कि आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वाले लोगों यानि डॉग फीडर्स और डॉग लवर्स पर भी कार्यवाही होगी अगर कोई कुत्ता किसी व्यक्ति को काटता है तो ऐसे मामलों में जिम्मेदारी सिर्फ प्रशासन की ही नहीं, बल्कि उन लोगों की भी होगी जो कुत्तों की देखभाल या फीडिंग करते हैं। देखना यह है कि स्थानीय प्रशासन कब और कितना सक्रिय होगा।

# रांझी में 52 लाख रुपये की लागत से बनेगा नया फायर स्टेशन

## महापौर और विधायक ने किया भूमिपूजन





**जबलपुर।** राँझी क्षेत्र के नागरिकों को जल्द ही आधुनिक फायर स्टेशन की सुविधा मिलने जा रही है। राँझी जलशोधन संयंत्र परिसर में लगभग 52 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नए फायर स्टेशन का भूमिपूजन महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं कैंट विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने किया। इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि फायर स्टेशन के निर्माण से राँझी एवं आसपास के क्षेत्रों में आगजनी और अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य संभव हो सकेगा। विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने इसे क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी सौगात बताते हुए नगर निगम और महापौर का आभार व्यक्त किया। स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि लंबे समय से क्षेत्र में समर्पित फायर स्टेशन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसके निर्माण से आपातकालीन सेवाएं अधिक प्रभावी और सुलभ होंगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, एमआईसी सदस्य विवेकराम सोनकर, दामोदर सोनी, पार्षद अनुराग दाहिया, संतोषी ठाकुर, सावित्री शाह गोड सहित नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# स्टेशन और ट्रेनों में वसूली करने वाले गिरोह पर कार्रवाई

## तीन किन्नर गिरफ्तार

**जबलपुर।** मुख्य रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में यात्रियों को डरा-धमकाकर रुपए वसूलने वाले गिरोह के खिलाफ रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने कार्रवाई करते हुए तीन किन्नरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान सुनैना (20), मोनू (20), आशिकी (32), बेलमकोन्डा दिनेश उर्फ बी. नीलीमा (43) निवासी आंध्र प्रदेश, किन्नर गुरु (42) निवासी इटारसी तथा बबली (52) के रूप में हुई है। सभी के खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें बंधपत्र पर रिहा कर दिया गया। आरपीएफ के उप निरीक्षक अरविंद सिंह और आरक्षक प्रवीण उपाध्याय स्टेशन के कटनी छोर पर नियमित गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने कुछ लोगों को प्लेटफॉर्म और जनरल कोच में यात्रियों से जबरन पैसे मांगते तथा विरोध करने पर विवाद करते देखा। सूचना मिलते ही टीम ने घेराबंदी कर तीन आरोपियों को मौके से पकड़ लिया। जांच में सामने आया कि यह गिरोह लंबे समय से सतना, कटनी, जबलपुर और इटारसी रेलखंड पर सक्रिय था। आरोपी लंबी दूरी की ट्रेनों के अनारक्षित डिब्बों में चढ़कर यात्रियों को परेशान करते थे और कार्रवाई की भनक लगते ही अपना हुलिया बदलकर फरार हो जाते थे।

# ओएफके के फीलिंग सेक्शन में डेटोनेटर फटा

## कर्मचारी गंभीर रूप से घायल

**जबलपुर।** आयुध निर्माणी खमरिया (ओएफके) के फीलिंग सेक्शन में गुरुवार को कार्य के दौरान हुए एक हादसे में डेटोनेटर फटने से एक कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल कर्मचारी की पहचान प्रथमेश ठाकुर के रूप में हुई है, जिसे तत्काल उपचार के लिए ओएफके अस्पताल ले जाया गया। यहां प्रारंभिक इलाज के बाद उसे एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया.कर्मचारी सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसे में फिलिंग अनुभाग में प्रथमेश ठाकुर नामक कर्मचारी घायल हो गया. प्रथमेश फीलिंग अनुभाग में डेटोनेटर में विस्फोटक सामग्री भरने का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक डेटोनेटर में विस्फोट हो गया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। धमाके की आवाज सुनते ही आसपास कार्यरत कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई और सभी मौके पर पहुंच गए।घटना की सूचना मिलते ही फैक्टरी प्रबंधन और वरिष्ठ अधिकारी सक्रिय हो गए। घायल कर्मचारी को पहले ओएफके अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए निजी अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे के बाद कुछ समय के लिए फीलिंग सेक्शन का काम भी प्रभावित रहा। वहीं वरिष्ठ अधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर चिकित्सकों से घायल कर्मचारी के स्वास्थ्य की जानकारी ली।

## प्री-मानसूनी हलचल शुरु

# सीजन की पहली बारिश के बाद उमस बढ़ी



**जबलपुर।** प्री मानसून की गतिविधियां प्रारंभ हो रही हैं। पिछले एक महीने से जानलेवा भीषण गर्मी के बाद लोगों को गुरुवार की शाम आंशिक राहत मिली जब, आसमान पर बादल छाए और तेज हवाओं के बीच करीब सात मिलीमीटर वर्षा हुई. भट्टी की तरह तप रही धरती पर पानी बौछारें पड़ते ही कुछ देर की मौसम सुहाना हो गया, फिर उमस बढ़ी. मौसम विभाग ने चेतवानी दी है कि जिले में तेज झंझावात और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। जिले में मानसून 20 जून तक सक्रिय होने की संभावना है। गुरुवार को सुबह से मौसम शुष्क रहा और दोपहर तीन बजे तक धूप खिली रही. शाम चार बजे अचानक बादल छाए और तेज हवाओं के साथ मध्यम गति की वर्षा तेज हो गई। पहली बारिश का लोगों ने आनंद उठाया. मौसम विभाग के मुताबिक यह प्री मानसून हलचल है.

मौसम कार्यालय के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का तापमान39.0डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 27.8 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया था। हवा में नमी प्रातःकाल 51 प्रतिशत और सायंकाल 83 प्रतिशत आंकी गई। कल हुई वर्षा 7.6 मिली मीटर दर्ज की गई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा 7.6 मिली मीटर दर्ज की जा चुकी है। सूर्योदय सुबह 5.24 बजे और सूर्यास्त शाम 6.45 बजे हुआ। गत वर्ष आज के दिन का तापमान 36.7 और न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्री दर्ज किया गया था। उत्तर पश्चिमी हवायें 7-8 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा हो सकती है।

# नकली डेयरी उत्पादों के निर्माण और बिक्री के आरोपी किशन मोदी की जमानत पर फैसला सुरक्षित

## हाईकोर्ट की वेकेशन बेंच में सुनवाई हुई पूरी, गायत्री फूड्स प्राइवेट लिमिटेड का डायरेक्टर है आरोपी

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने नकली डेयरी उत्पादों के निर्माण और बिक्री के आरोप के मामले में गिरफ्तार गायत्री फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर किशन मोदी की जमानत अर्जी पर सुनवाई पूरी कर ली है। उभयपक्षों की दलीलें सुनने के बाद जस्टिस देवनारायण मिश्रा की अवकाशकालीन सिंगल बेंच ने फैसला आदेश सुरक्षित कर लिया है। राज्य शासन की ओर से जमानत का विरोध किया गया।

दरअसल, गायत्री फूड्स मिल्क मैजिक ब्रांड के तहत डेयरी उत्पाद बनाती है। जांच एजेंसियों का आरोप है कि कंपनी ने दूध से प्राकृतिक फैट निकालकर उसकी जगह पाम आयल व अन्य पदार्थों का उपयोग किया तथा तैयार उत्पादों को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेचा। ईडी की जांच में दावा किया गया है कि इस कथित कारोबार से लगभग 20 करोड़ रुपये की अवैध कमाई हुई। किशन मोदी को 13 मार्च, 2026 को गिरफ्तार किया गया था।

एक जज ने खुद को किया अलग

उल्लेखनीय है कि पूर्व में यह मामला जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की सिंगल बेंच के समक्ष नियत था, लेकिन उनके स्वयं को सुनवाई से अलग कर लिया था। जिसके बाद मामला जस्टिस देवनारायण मिश्रा की एकलपीठ को सौंपा गया।

## अधिवक्ता कविता दक्षिणामूर्ति की संदिग्ध मौत के मामले में नहीं हुई सुनवाई

**जबलपुर।** अपर जिला सत्र न्यायाधीश अवधेश कुमार श्रीवास्तव की अदालत में बुधवार को अधिवक्ता कविता दक्षिणामूर्ति की संदिग्ध मौत के मामले की सुनवाई टल गई। मामला चेन्नई निवासी पिता पी दक्षिणामूर्ति द्वारा दायर पुनरीक्षण याचिका से संबंधित है। उनकी ओर से अधिवक्ता मनीष वर्मा पैरवी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि दहेज हत्या को सामान्य मौत निरूपित कर पर्दा डाला गया है। लिहाजा, सीबीआई जांच की मांग को लेकर हाई कोर्ट में याचिका दायर की जाएगी। प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी दीपा पाल की अदालत में एफआइआर की मांग को लेकर परिवाद पर राहत न मिलने के कारण पुनरीक्षण के जरिए सेशन कोर्ट की शरण ली गई है। तीन जून को सुनवाई नियत थी, किंतु कोर्ट नहीं बैठी। जबलपुर के आर्मी एरिया में कविता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई थी। सदर स्थित जैक आरआरसी के आफीसर्स मैस में जिस स्थान पर कविता बाथरूम में गिरी थी उस स्थान से मिलिट्री अस्पताल की दूरी महज पांच मिनट की थी, किंतु कविता को अस्पताल पहुंचाने में दो घंटे 39 मिनट लग गए। दूसरे दिन कविता की मौत हो गई।

# जो 38 वर्ष से सेवाएं दे रहे, उनकी नियुक्तियां अवैध-अनियमित नहीं

## हाईकोर्ट ने तल्ख टिप्पणी के साथ निरस्त की नगर निगम की अपील

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में स्पष्ट किया कि जो 38 वर्ष से सेवा दे रहे हैं, उन्हें अवैध-अनियमित नियुक्ति के दायरे में नहीं रखा जा सकता। एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने इस मत के साथ नगर निगम, जबलपुर की अपील निरस्त कर दी। कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि यह ऐसा मामला नहीं है जहां या चि का क र्ता जबलपुर नगर निगम के कार्यालय में आए और दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम करने लगे। उनकी नियुक्ति नगर निगम में कार्यरत तत्कालीन सक्षम अधिकारियों द्वारा की गई थी, और यह नियुक्ति लगभग 38 वर्षों से जारी है। नगर निगम लंबे समय से सेवाएं ले रहा है, इस स्तर पर कर्मचारियों का शोषण नहीं किया जा सकता।



मामले की सुनवाई के दौरान दलील दी गई कि नगर निगम ने यह अपील हाईकोर्ट की सिंगल बेंच द्वारा प्रतिवादियों के हक में सुनाए गए राहतकारी आदेश के विरुद्ध दायर की थी। कहा गया था कि 1986 में दैनिक वेतनभोगी के रूप में नियुक्ति के बावजूद उनसे अपेक्षाकृत कनिष्ठ नियमित कर दिए गए, किंतु उन्हें पक्षपात का शिकार बनाकर वंचित कर दिया गया।सिंगल बेंच ने अपने आदेश में अजय कुमार सहित अन्य की मांग स्वीकार कर ली थी। साथ ही निर्देश दिया था कि 16 मई, 2007 की नीति और 29 सितंबर, 2014 के स्पष्टीकरण के अनुसार 60 दिन के भीतर याचिकाकर्ताओं को सेवाओं में नियमित करें। इसी आदेश को अपील में चुनौती दी गई थी।

# अंधेरे में डूबा मेडिकल, मरीजों में मची अफरा-तफरी

## रात में विद्युत आपूर्ति बाधित, बैकअप व्यवस्था पर उठे सवाल

जबलपुर।

नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में मंगलवार देर रात अचानक बिजली आपूर्ति बाधित होने से अस्पताल परिसर के कई हिस्से अंधेरे में डूब गए। घटना के बाद वार्डों, गलियारों और विभिन्न विभागों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मरीजों, उनके परिजनों और अस्पताल कर्मियों के बीच कुछ समय के लिए चिंता की स्थिति निर्मित हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बिजली बंद होते ही कई वार्डों में सामान्य गतिविधियां प्रभावित हुईं। गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के परिजन विशेष रूप से चिंतित नजर आए, क्योंकि उनका उपचार विभिन्न आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की सहायता से किया जा रहा है। हालांकि अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि बैकअप सिस्टम सक्रिय किया गया, लेकिन प्रारंभिक अव्यवस्था ने अस्पताल की आपातकालीन तैयारियों को लेकर सवाल खड़े कर दिए।





### करोड़ों के बजट के बावजूद व्यवस्था पर सवाल

अस्पताल में बिजली आपूर्ति बाधित होने की घटना के बाद मरीजों के परिजनों ने व्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि करोड़ों रुपए के बजट और अत्याधुनिक सुविधाओं के दावों के बावजूद ऐसी स्थिति नहीं बननी चाहिए थी। लोगों ने सवाल उठाया कि यदि बिजली आपूर्ति लंबे समय तक बाधित रहती तो गंभीर मरीजों की सुरक्षा और उपचार की जिम्मेदारी कौन उठाता। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में व्यवस्थागत कमियों को लेकर पहले भी शिकायतें सामने आती रही हैं, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हो पाया है।

### सुधार कार्य शुरू करने का दावा

घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग और अस्पताल प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार बिजली आपूर्ति से जुड़ी सभी यूनिटों की जांच कर आवश्यक सुधार किए जाएंगे ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि मरीजों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और आपातकालीन व्यवस्थाओं को और मजबूत बनाने की दिशा में कार्रवाई की जा रही है।

# दिल्ली अग्निकांड के बाद बढ़ी सतर्कता

## संकरी बस्तियों के होटल-गोदाम रडार निगम की रडार पर

**जबलपुर।** राजधानी दिल्ली में हाल ही में हुए भीषण अग्निकांड के बाद जबलपुर नगर निगम और फायर विभाग ने शहर में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा तेज कर दी है। संकरी गलियों और घनी आबादी वाले क्षेत्रों में संचालित होटल, लॉज, गोदाम तथा अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को चिन्हित कर नोटिस जारी किए जा रहे हैं। इसके लिए पांच सदस्यीय विशेष टीम गठित की गई है, जो विभिन्न क्षेत्रों में जाकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रही है। शहर में लगातार सामने आ रही आगजनी की घटनाओं ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। जांच के दौरान यह सामने आया है कि कई होटल, गोदाम और व्यावसायिक भवन अब भी अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं। अनेक भवनों में फायर फाइटिंग सिस्टम मौजूद नहीं हैं, जबकि कई स्थानों पर लगाए गए सुरक्षा उपकरण भी पर्याप्त नहीं पाए गए हैं। विशेष चिंता का विषय यह है कि शहर के आधे से अधिक ऐसे प्रतिष्ठान संकरी बस्तियों और तंग मार्गों वाले क्षेत्रों में स्थित हैं। नेशनल बिल्डिंग कोड और अग्नि सुरक्षा नियमों के अनुसार 15 मीटर से अधिक ऊंचाई अथवा 500 वर्गमीटर से बड़े भवनों एवं होटलों के लिए फायर एनओसी अनिवार्य है। इसके बावजूद कई छोटे और मध्यम श्रेणी के प्रतिष्ठानों में सुरक्षा इंतजामों को लेकर लापरवाही देखी जा रही है। मदनमहल, गंगासागर, गुलौआ और गुरंदी बाजार जैसे क्षेत्रों में लकड़ी एवं प्लाईवुड के बड़े कारखाने संचालित हैं, जबकि मालवीय चौक, गोल बाजार, उखरी और दमोह नाका में बड़ी संख्या में टायर गोदाम मौजूद हैं। ऐसे स्थानों को आग की दृष्टि से संवेदनशील माना जा रहा है।

# पेंशनर्स का सब्र टूटा, नर्मदा में उतरकर करेंगे जल सत्याग्रह

## 26 साल से लंबित पेंशन विवाद के समाधान की मांग, सरकारों पर उपेक्षा का आरोप






जबलपुर।

मध्य प्रदेश के पेंशनर्स ने अपनी वर्षों पुरानी समस्याओं को लेकर आंदोलन का रास्ता अपनाने का फैसला किया है। प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक में तय किया गया कि 13 जून को नर्मदा तट पर जल सत्याग्रह कर शासन-प्रशासन का ध्यान पेंशनर्स की मांगों की ओर आकर्षित किया जाएगा। संगठन का कहना है कि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के बीच पेंशन संबंधी वित्तीय दायित्वों का विवाद राज्य विभाजन के बाद से अब तक अनसुलझा है, जिससे लाखों सेवानिवृत्त कर्मचारी प्रभावित हो रहे हैं।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ के गठन के समय पेंशन देनदारियों का बंटवारा 74:26 के अनुपात में किया गया था। लेकिन बाद में दोनों राज्यों के बीच वित्तीय प्रतिपूर्ति को लेकर मतभेद सामने आए, जिसके कारण मामला लगातार उलझता चला गया। पेंशनर्स का आरोप है कि इस विवाद का सीधा असर महंगाई राहत और अन्य वित्तीय लाभों के भुगतान पर पड़ता रहा है।

संगठन के अनुसार प्रदेश के लगभग पांच लाख पेंशनभोगी इस स्थिति से प्रभावित हैं। महंगाई राहत की बढ़ी हुई दरों का लाभ समय पर नहीं मिलने से पेंशनर्स को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है। कई बार एरियर का भुगतान भी विलंब से होने के कारण बुजुर्ग पेंशनर्स आर्थिक परेशानियों का सामना करते हैं।

बैठक में यह भी कहा गया कि सेवानिवृत्त कर्मचारी अपने जीवन के चार से पांच दशक सरकारी सेवा में बिताने के बाद भी अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं। वहीं जनप्रतिनिधियों को अपेक्षाकृत कम अवधि के कार्यकाल के बाद आजीवन पेंशन की सुविधा प्राप्त हो जाती है। इस व्यवस्था पर भी पेंशनर्स ने सवाल उठाए।

पेंशनर्स संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी 13 सूत्रीय मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को प्रदेशव्यापी स्वरूप दिया जाएगा। इसके तहत सांसदों, विधायकों और मंत्रियों को ज्ञापन सौंपकर जनजागरण अभियान भी चलाया जाएगा। संगठन का कहना है कि अब केवल आश्वासनों से काम नहीं चलेगा, बल्कि पेंशनर्स को उनके अधिकार दिलाने के लिए ठोस निर्णय आवश्यक हैं।

# महगवां टगर पंचायत में कथित अनियमितताओं को लेकर जांच की मांग, दी आंदोलन की चेतावनी




**जबलपुर।** पनागर जनपद पंचायत अंतर्गत महगवां टगर ग्राम पंचायत में विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर ग्रामीणों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने पंचायत में कराए गए विभिन्न निर्माण कार्यों एवं मनरेगा योजनाओं की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सम्मति सैनी ने आरोप लगाया है कि पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर सरकारी राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने रंगमंच निर्माण, टीन शेड निर्माण एवं मनरेगा कार्यों में अनियमितताओं की जांच की मांग करते हुए कहा कि यदि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो जनआंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ कार्यों में गुणवत्ता संबंधी कमियां हैं तथा कई मामलों में कागजी रिकॉर्ड और वास्तविक स्थिति में अंतर दिखाई देता है। वहीं धार्मिक स्थल पर पूर्व में जनसहयोग से निर्मित टीन शेड के बावजूद राशि आहरित किए जाने के आरोप भी लगाए गए हैं। मनरेगा के तहत फर्जी हाजिरी लगाकर भुगतान किए जाने की शिकायतें भी सामने आई हैं।सम्मति सैनी ने कहा कि पंचायत में हुए कथित मामलों की तकनीकी एवं वित्तीय जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि जांच नहीं होने पर व्यापक आंदोलन किया जाएगा।मामले में जनपद पंचायत सीईओ आयुषी उपाध्याय का पक्ष प्राप्त नहीं हो सका। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

# बलिदान स्थल पर कैंटीन निर्माण का विरोध, राष्ट्रपति के नाम सौंपा गया ज्ञापन

**जबलपुर।** गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को अमर शहीद राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह बलिदान स्थल संग्रहालय, गोंडवाना चौक में एक दिवसीय धरना आयोजित किया गया। धरने में डोमा परिसंघ, बहुजन एकता मोर्चा, भीम आर्मी सहित कई संगठनों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। धरना के दौरान राष्ट्रपति के नाम कार्यपालिक मजिस्ट्रेट/तहसीलदार रांझी को 5 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। प्रमुख मांगों में शहीद राजाओं की स्मृति में 52 फीट ऊंचा कीर्ति स्तंभ निर्माण, गोंडवाना साम्राज्य के प्रतीक चिन्हों सहित प्रवेश द्वार, आदिवासी कल्याण हेतु सामाजिक भवन, 1857 के आदिवासी बलिदानियों के इतिहास संरक्षण के लिए लाइब्रेरी की स्थापना, कोलकाता संग्रहालय में रखे गोंडवाना राजाओं के अस्त्र-शस्त्रों को जबलपुर लाकर स्थापित करना तथा संग्रहालय परिसर में प्रस्तावित कैंटीन निर्माण को निरस्त करना शामिल है। सभा को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अमान सिंह पोर्ते, किशोरीलाल भलावी, नेमसिंह मरकाम, अजय झारिया, उत्तम सिंह ताराम, सखावत खान, खेमराज झारिया, सरमन रजक, राधे झारिया एवं संजू झारिया सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया।



कार्यक्रम में एड. बालकिशन चौधरी, सूरज चौधरी, जगदीश नन्हेट, नंदलाल उईके, पूर्णेश उईके, राजेंद्र कापसे, मुक्तेश्वर राव सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा। सभा का संचालन नेमसिंह मरकाम एवं आभार प्रदर्शन अजय झारिया ने किया।

# सिहोरा-खितौला में आवारा मवेशी और कुत्तों का आतंक, हांका गैंग की निष्क्रियता पर उठे सवाल

सिहोरा।

नगर पालिका क्षेत्र सिहोरा-खितौला में आवारा मवेशियों और कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे आम नागरिकों, व्यापारियों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर के मुख्य बाजार, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन तथा विभिन्न वार्डों में आवारा पशुओं की मौजूदगी के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका की हांका गैंग सक्रिय नहीं होने से मुख्य मार्ग और व्यावसायिक क्षेत्र आवारा मवेशियों की शरणस्थली बन गए हैं। कई बार पशु सड़क के बीचों-बीच बैठे रहते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है। वहीं आवारा कुत्तों के कारण दोपहिया वाहन चालक और बच्चे भयभीत हैं। हाल ही में खितौला बाजार में दो सांडों की लड़ाई से कई दुकानों के बाहर रखा सामान क्षतिग्रस्त हो गया तथा कुछ लोग भी घायल हुए। व्यापारियों ने बताया कि पशुओं के उत्पात से आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने नगर पालिका प्रशासन से हांका गैंग को सक्रिय कर आवारा पशुओं एवं कुत्तों की समस्या का शीघ्र समाधान करने की मांग की है, ताकि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके और आमजन को राहत मिल सके।

# रुक्मणी का वरण कर द्वारका लौटे श्रीकृष्ण, कथा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब




जबलपुर।

पुरुषोत्तम मास के अवसर पर गढ़ाफाटक स्थित जगदीश मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठवें दिन बाल व्यास दीदी सुप्रिया दुबे (कृष्णप्रिया) वृंदावन ने कंस मर्दन, उद्धव चरित्र एवं रुक्मणी विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण और गोपियों के दिव्य प्रेम की महिमा बताते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने कंस का वध कर धर्म की स्थापना एवं अधर्म का नाश किया। कथा के दौरान व्यास दीदी कृष्णप्रिया का 18वां जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। ब्राह्मण एकता मंच के अध्यक्ष पं. राम दुबे, भार्गव ब्राह्मण सभा एवं विप्र समाज के पदाधिकारियों ने शाल, श्रीफल और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया। कथा प्रारंभ से पूर्व मुख्य यजमान उमाशंकर साहू, यशोदा साहू, सावित्री रैकवार, अभिषेक सोनी एवं सुनील साहू ने व्यासपीठ का पूजन-अर्चन किया। कथा मार्गदर्शक डॉ. अरुण मिश्रा ने बताया कि कथा श्रवण के लिए शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर पुजारी देवेंद्र त्रिपाठी, पं. राम दुबे, पं. कपिल दुबे, पं. शिवगणेश गौतम, पं. दिनेश दुबे, पं. अजय चौबे, पं. मंगल पांडे, डॉ मुकुल तिवारी, नगर निगम प्रतिपक्ष नेता पं. अमरीश मिश्रा सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जलप्लावन से राहत के लिए नगर निगम का महाअभियान उतारी भारी मशीनरी और 4000 सफाई मित्र मैदान में

**जबलपुर।** वर्षाऋतु में जलभराव की समस्या से नागरिकों को राहत दिलाने के लिए नगर निगम द्वारा शहरभर में बड़े पैमाने पर नाला-नाली सफाई अभियान चलाया जा रहा है। महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" ने बताया कि 4000 सफाई मित्र और 375 डोर-टू-डोर वाहन निरंतर सफाई कार्य में लगे हुए हैं। महापौर ने बताया कि बड़े नालों की सफाई के लिए 10 हैवी मशीनें, 24 जेसीबी, 24 डम्पर, 23 मिनी हिटाची और 33 ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित कुल 154 नालों में से 126 नालों की सफाई पूर्ण कर ली गई है, जबकि शेष 28 नालों पर कार्य तेज गति से जारी है। उन्होंने कहा कि शहर के 79 वार्डों में पिछले 45 दिनों से यह अभियान लगातार चल रहा है, जिसके अंतर्गत छोटी-छोटी नालियों की भी व्यापक सफाई की जा रही है, ताकि जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। महापौर ने निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, एमआईसी सदस्यों एवं स्वास्थ्य अमले के साथ कमला नेहरू नगर वार्ड का निरीक्षण कर कार्य की समीक्षा की। उन्होंने आश्वस्त किया कि मानसून से पहले सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली जाएंगी और नागरिकों को जलभराव से राहत मिलेगी। नगर निगम ने कहा कि पूरी टीम 24 घंटे तीन शिफ्टों में कार्य कर रही है और नागरिकों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है।



# अजाक्स संघ अध्यक्ष अमित मेहरा का किया सम्मान

## कर्मचारी हितों में योगदान की हुई सराहना



**जबलपुर।** ऑल इंडिया रिटायर्ड इम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष काजल कुमार विश्वास ने अजाक्स संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा का सम्मान किया। यह सम्मान कर्मचारी, सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों एवं समाज हित में उनके उल्लेखनीय योगदान तथा प्रभावी संगठनात्मक नेतृत्व के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर काजल कुमार विश्वास ने कहा कि अमित मेहरा कर्मचारियों एवं सेवानिवृत्तजनों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं, जिससे अनेक हितग्राहियों को लाभ मिला है। सम्मान प्राप्त करने के बाद अमित मेहरा ने इसे अजाक्स संघ के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के सामूहिक प्रयासों का सम्मान बताते हुए सभी का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी कर्मचारी एवं सेवानिवृत्तजन हितों के लिए समर्पित होकर कार्य करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में अजाक्स संघ नगर निगम जबलपुर एवं वरिष्ठ नागरिक परिषद के प्रतिनिधियों सहित गुलशन जबलपुरी, अक्षय कोरी, रामा राव नरसामुल, राजन पटेल, कोयरी नायडू, शिवमोहन द्विवेदी, देवा मेहरा, रामाराव मगरदे, अनिल शुक्ला, डी.के. निगम, पुष्पा दुबे, गुरमुख दास, एम.एल. अग्निहोत्री, संतोष पवार, महेंद्र मलिक, सुनील संगोटिया, संगठन मंत्री मानसिंह तोमर एवं राहुल कोरी उपस्थित रहे।

# थ्री-आर कलेक्शन सेंटर बनी जरूरतमंदों की मुस्कान का माध्यम, पिंक सिटी में चला सेवा अभियान




जबलपुर।

नगर निगम जबलपुर द्वारा महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार जोन-11 वार्ड-66 के अंतर्गत बिलहरी पिंक सिटी क्षेत्र में थ्री-आर (Reduce, Reuse, Recycle) कलेक्शन ड्राइव का आयोजन किया गया। यह अभियान आईईसी टीम एवं हेल्पिंग हैंड्स क्लब की महिलाओं के सहयोग से संपन्न हुआ। अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य अनुपयोगी वस्तुओं को पुनः उपयोग में लाकर पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ जरूरतमंदों की सहायता करना है। अभियान के दौरान नागरिकों ने अपने घरों से उपयोगी कपड़े, जूते, खिलौने एवं अन्य घरेलू सामग्री स्वेच्छा से दान की। एकत्रित सामग्री को नगर निगम की टीम द्वारा टेमर भीटा एवं सिद्ध नगर क्षेत्र के जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाया गया, जहां बच्चों और महिलाओं को आवश्यक वस्तुएं प्रदान की गईं। सामग्री प्राप्त होने पर लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। नगर निगम ने कहा कि ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे, जिससे समाज में पुनः उपयोग और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिले तथा जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचती रहे।

# सिटीज 2.0 परियोजना के प्रस्तावित कार्यों का निरीक्षण कर सीईओ ने दिए आवश्यक निर्देश

जबलपुर।

जबलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीईओ अरविंद शाह ने सिटीज 2.0 परियोजना के अंतर्गत प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कठौंदा स्थित वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट के समीप प्रस्तावित बायो-सीएनजी प्लांट एवं गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन के लिए चिन्हित स्थलों का अवलोकन किया गया तथा परियोजना की कार्ययोजना और क्रियान्वयन रणनीति पर चर्चा की गई। भ्रमण के दौरान रानीताल एसटीपी, रानीताल तालाब, रानीताल एवं रांझी गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन तथा कठौंदा स्थित ई-बस डिपो का भी निरीक्षण किया गया। सीईओ ने संबंधित स्थलों की वर्तमान स्थिति एवं उपलब्ध संसाधनों का आकलन करते हुए परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान जीआईएस एक्सपर्ट बालेन्द्र शुक्ला, डेटा मैनेजमेंट ऑफिसर अंकुर खरे, सहायक अर्बन प्लानर अर्पित नेमा, ई-गवर्नेंस मैनेजर गजेन्द्र सिंह तथा एन्वायरमेंट एवं सोशल सेफगार्ड एक्सपर्ट वत्सल खंडेलवाल उपस्थित रहे।



# प्रदेश में चिल्लर संकट पर संगठन ने उठाई आवाज, आरबीआई गवर्नर को भेजा ज्ञापन

जबलपुर।

मध्य प्रदेश में ₹5, ₹10 एवं ₹20 के सिक्कों और नोटों की बढ़ती कमी को लेकर मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन ने गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर को ज्ञापन भेजा है।

संगठन ने प्रदेशभर में चिल्लर की उपलब्धता सुनिश्चित करने, वितरण व्यवस्था की जांच कराने तथा चिल्लर की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए विशेष कानून बनाने की मांग की है। संगठन के अनुसार चिल्लर की कमी से आम नागरिकों, व्यापारियों, मेडिकल स्टोर्स, किराना दुकानों और परिवहन सेवाओं को दैनिक लेन-देन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में बैंक शाखाओं में पर्याप्त मात्रा में छोटे मूल्यवर्ग की मुद्रा उपलब्ध कराने तथा विशेष वितरण अभियान चलाने की मांग भी की गई है। यह ज्ञापन संगठन के संरक्षक डॉ. आमित सिसोदिया के मार्गदर्शन में तैयार किया गया।

इस अवसर पर जबलपुर अध्यक्ष डॉ. अजय वाधवानी, एड. भावना निगम, एड. आशीष त्रिपाठी, डॉ. अभिषेक जैन, डॉ. आनंद बेहरानी, एडवोकेट रोशन मंध्यानी, एडवोकेट अमित खत्री, एडवोकेट अमित शर्मा, डॉ. कमल विश्वास साहब एवं डॉ. श्रीकांत साहू सहित संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## निधन

**श्री धन्नू बर्मन-** दुर्गा नगर भटौली गौरीघाट निवासी श्री सोनी लाल बर्मन के पुत्र श्री धन्नू बर्मन (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बिन्देश्वरी शर्मा-** छुई मोहल्ला बेलबाग निवासी श्री बिन्देश्वरी शर्मा (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती किरण सराठे-** शिवनगर गढ़ा निवासी श्री पन्ना लाल सराठे की धर्मपत्नी श्रीमती किरण सराठे (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रोशन जाट-** महर्षि अरविंद वार्ड घमापुर निवासी महेश जाट के पुत्र श्री रोशन जाट (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती प्रीति बर्मन-** रामपुर शंकरशाह नगर नयागांव रोड निवासी श्री मुकेश बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती प्रीति बर्मन (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती हल्की श्रीवास-** लालमाटी निवासी श्री हरदयाल श्रीवास की धर्मपत्नी श्रीमती हल्की श्रीवास (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती चंदा बाई सोनकर-** चौथा पुल नेपियर टाउन निवासी श्री प्रेम लाल सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती चंदा बाई सोनकर (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रवि कुमार जैन-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री रवि कुमार जैन का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री जगदीश शर्मा-** उदय नगर नं. 2, व्हीकल रोड निवासी श्री जगदीश शर्मा (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग

**नाम एव जन्मतिथि सुधार सूचना**

मैं, आर्मी नं. 15817704N, रैंक - हवलदार, नाम -धर्मबीर एम.सी.एम.एम. जबलपुर, एतद्वारा घोषणा करता हूँ कि मेरे सेवा अभिलेखों में मेरे पिता का नाम एवं जन्मतिथि गलत रूप से मोहेन्दर सिंह एवं 01 जनवरी 1958 दर्ज हो गई है। मैं इसे अपने सेवा अभिलेखों में उनके आधार कार्ड एवं पैन कार्ड के अनुसार सही करवाना चाहता हूँ। अतः मेरे पिता का सही नाम एवं जन्मतिथि महेंद्र सिंह एवं 22 अगस्त 1958 पढ़ी व दर्ज की जाए। भविष्य में मेरे पिता का नाम एवं जन्मतिथि महेंद्र सिंह एवं 22 अगस्त 1958 ही मान्य होगी।

हस्ताक्षर
नाम: हवलदार धर्मबीर
आर्मी नं.: 15817704N
यूनिट: एम.सी.एम.एम. जबलपुर

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS LENY MATHEW I, HAVE CHANGED THE SPELLING OF MY SURNAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS LENY MATTHEW S/O LADLIE MATHEW RESIDENT OF FLAT NO. 505, DUTT RESIDENCY,IN FRONT OF RAILWAY STADIUM, JABALPUR MADHYA PRADESH 482001.
DEPONENT

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्र-स.अधि./13/मुख्यालय/2026-27/एम/61
दिनांक:- 04/06/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स जय माँ एसो. द्वारा पार्टनर शमन कुमार आसवानी पिता स्व. श्री नामोमल आसवानी एवं श्री अशोक कुमार पारवानी पिता श्री किशन चंद पारवानी ने मकान नं. फ्लेट नं. 01 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती छठवीं मंजिल- 545 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्र.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्र-स.अधि./13/मुख्यालय/2026-27/एम/59
दिनांक:- 04/06/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स जय माँ एसो. द्वारा पार्टनर शमन कुमार आसवानी पिता स्व. श्री नामोमल आसवानी एवं श्री अशोक कुमार पारवानी पिता श्री किशन चंद पारवानी ने फ्लेट नं. 03 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती छठवीं मंजिल- 547 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्र.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्र-स.अधि./13/मुख्यालय/2026-27/एम/60
दिनांक:- 04/06/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स जय माँ एसो. द्वारा पार्टनर शमन कुमार आसवानी पिता स्व. श्री नामोमल आसवानी एवं श्री अशोक कुमार पारवानी पिता श्री किशन चंद पारवानी ने फ्लेट नं. 02 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती छठवीं मंजिल 547 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्र.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्र-स.अधि./13/मुख्यालय/2026-27/एम/63
दिनांक:- 04/06/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स मंगलम इलैक्ट्रॉनिक द्वारा भागी श्री धीरज फबियानी पिता श्री रमेश चंद फबियानी ने मकान नं. 38/जीएफ/एस/जी/-39 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवसरी मैजनाईन 120 व.फु. भूतल 240 व.फु. शपथपत्र/ विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्र.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्र-स.अधि./13/मुख्यालय/2026-27/एम/62
दिनांक:- 04/06/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति सरस्वती विश्वकर्मा पति श्री मनोज कुमार विश्वकर्मा ने मकान नं. 879/1ए/ एफ.एफ./ओसी-104 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी प्रथम तल 149 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्र.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

# अग्निकांड मामले में आरोपी और होटल 'फ्लोरिश स्टेज' के मालिक बजाज को 4 दिन की कस्टडी में भेजा, कई धाराओं में मामला भी दर्ज कर लिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मालवीय नगर अग्निकांड मामले में आरोपी और होटल 'फ्लोरिश स्टेज' के मालिक लवकेश बजाज को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी भानु प्रताप सिंह की कोर्ट में पेश किया गया। साकेत कोर्ट ने उन्हें 4 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। सुनवाई के दौरान पुलिस ने 4 दिनों की कस्टडी की मांग की थी। होटल का मैनेजर जय मिश्रा अभी पुलिस की पहुंच से दूर है जिसकी तलाश की जा रही है।होटल के को-ओनर को गिरफ्तार कर लिया. इन पर गैर-इरादतन हत्या, लापरवाही और फायर सेफ्टी नियमों के घोर उल्लंघन की धाराएं लगाई गई हैं। गिरफ्तार मालिक की आसपास के इलाके में ही इसी तरह के दो और होटल-रेस्तरां चल रहे हैं।

*दिल्ली आग मामले में कम नहीं हो रही परेशानी* / *दिल्ली में कम से कम 2 और ऐसे होटल-रेस्तरां चल रहे*


अधिकारियों ने लिया जायजा

### फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची

अग्निकांड के बाद आज फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची है। मामले की जांच कर रही है। तेज बारिश भी हो रही है। वहीं आंधी तूफान में होटल से शीशे नीचे गिर रहे हैं। इससे होटल के आसपास मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई। पुलिस कर्मी भी बैठे थे जो की दूर हो गए हैं।

### बुरी तरह जल गए शव... फोटो देखकर भी पहचान नहीं पा रही

एम्स और सफदरजंग अस्पताल के बाहर बुधवार को सिर्फ भीड़ नहीं थी, वहां बिखरे हुए परिवार थे।



कोई मोबाइल में पुरानी तस्वीरें देख रहा था, कोई रोते हुए डॉक्टरों से नाम पूछ रहा था, तो कोई हर स्ट्रेचर के पास जाकर कांपती आंखों से चेहरा पहचानने की कोशिश कर रहा था। मौत के बाद सबसे दर्दनाक लड़ाई अब पहचान की है। आग इतनी भयावह थी कि कई शव बुरी तरह जल गए। कई परिवार अपने ही लोगों को देखकर पहचान नहीं पा रहे। एक रिश्तेदार की सिसकियां अस्पताल की दीवारों से टकरा रही थीं।

### विदेशी कपल तो ऐसे जल गया

इस हादसे में एक विदेशी (अफ्रीकी) कपल अपनी जान बचाने के लिए एक बाथरूम में छिप गया था, जहां महिला का सिर पुरुष के कंधे पर टिका था और वे एक-दूसरे की बाहों में लिपटे हुए दम तोड़ते मिले।

### रिसेप्शन लड़की भी जली

बचाव कार्य में लगे आमिर खान ने बताया कि ग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर पर भयंकर आग लगी थी। उन्होंने कहा, 'आग बुझने के बाद भी मंजर इतना भयानक था कि कमजोर दिल वाला इंसान अंदर का हाल नहीं देख सकता। अंदर इतना धुंआ भरा था कि सांस लेना मुश्किल था।' उन्होंने बताया कि फर्स्ट फ्लोर के रिसेप्शन पर बैठी लड़की उन्हें उसी हालत में जली हुई मिली।

घायलों से मिलीं मुख्यमंत्री रेखा

## मुआवजे का ऐलान, मृतक के परिजनों को 10 लाख और घायलों को 5 लाख

दिल्ली सरकार ने मालवीय नगर में होटल में लगी आग में मारे गए और घायल हुए लोगों के लिए मुआवजे की घोषणा की है। इससे पहले मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने साकेत स्थित मैक्स अस्पताल का दौरा कर इस दुखद अग्निकांड में घायल हुए लोगों से मुलाकात की। उन्होंने घायलों और उनके परिवार वालों से बातचीत की। डॉक्टरों से घायल लोगों के इलाज के बारे में जानकारी ली। सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पताल अधिकारियों के समन्वय से घायलों के इलाज के खर्च की व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक मृतक के परिजनों को 10 लाख रकी अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी और गंभीर रूप से घायल लोगों को 5 लाख की सहायता राशि दी जाएगी।


पीड़ितो से मिलती सीएम रेखा गुप्ता

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी सूरत, दमन को आज देंगे सौगातें

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी शुक्रवार को सूरत और केंद्र शासित प्रदेश दमन का दौरा करेंगे। इस दौरान वे सूरत में लगभग 18,800 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, राष्ट्र को समर्पण और आधारशिला रखेंगे। दमन में 2,970 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।सड़क प्रोजेक्ट को भी समर्पित करेंगे।




### एडीएम की मौत की सीबीआई जांच होगी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार ने पूर्व कन्नूर अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) नवीन बाबू की मौत की जांच सीबीआई को सौंपने की सिफारिश की है। राजनीतिक रूप से संवेदनशील और बड़ा विवाद पैदा करने वाले मामले की जांच अब सीबीआई की निगरानी में होगी। यह फैसला मुख्यमंत्री ने लिया है।




### हरियाणा खालिस्तान बनेगा, धमकी दी

**कुरुक्षेत्र।** खालिस्तान नेशनल आर्मी के नाम से भेजे गए एक धमकी भरे ईमेल में कुरुक्षेत्र जिला के 2मंदिरों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इनमें थानेसर के स्थाण्विश्वर मंदिर में 8जून को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का दौरा प्रस्तावित है। दूसरा मंदिर पिहोवा का कार्तिकेय मंदिर हैं। इस तरह के ईमेल के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं।



### आज त्रिपुरा में शाह सीमा सुरक्षा की करेंगे समीक्षा

**नई दिल्ली।** भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को त्रिपुरा में सीमा सुरक्षा की समीक्षा करेंगे। वे बीएसएफ और अन्य सुरक्षा एजेंसियों की तैयारियों का भी आकलन करेंगे। शाह शुक्रवार को वह कई बैठकों और कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।



### अन्नामलाई के नई पार्टी की घोषणा की अटकलें

**चेन्नई।** तमिलनाडु में भाजपा को झटका लगा है। पूर्व अध्यक्ष के अन्नामलाई ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। गुरुवार को उनका 42वां जन्मदिन है। सियासी गलियारों में हलचल इस बात को लेकर बढ़ गई है कि वह आज कोई बड़ी घोषणा कर सकते हैं। अन्नामलाई जल्द नई पार्टी की घोषणा कर सकते हैं।



## एलओपी राहुल के 'आर्थिक सुनामी' वाले बयान पर भाजपा का हमला

विपक्ष के नेता देश में फैला रहे दहशत और अफवाह

# लोगों में डर बेचना बंद कीजिए, भारत अपनी हिफाजत में सक्षम व तैयार

### भाजपा के आईटी सेल के मुखिया मालवीय ने कहा- भय न फैलाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राहुल गांधी के आर्थिक सुनामी वाले बयान पर भाजपा ने तीखा हमला बोला है। भाजपा ने राहुल गांधी से कहा है कि वह आम जनता के बीच दहशत फैलाना बंद करें। भाजपा के आईटी सेल के मुखिया, अमित मालवीय ने तर्क दिया कि ईरान युद्ध से उपजे हालात का मुकाबला करने के लिए भारत पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने आर्थिक और रणनीतिक संकेतों का हवाला देते हुए कहाकि भारत अपनी हिफाजत करने में सक्षम है। मालवीय ने राहुल से आग्रह किया कि वह भय न बेचें। साथ ही यह दावा किया कि भारत की आर्थिक सुरक्षा प्रणालियां यूपीए काल के दौरान कमजोर हो गई थीं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को दावा किया था कि मोदी एक साल के भीतर प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे क्योंकि चीजों को नियंत्रित करने का उनका जो सिस्टम था, वह ध्वस्त हो रहा है।मोदी सरकार जनता के दबाव को कुचलने के लिए आपातकाल जैसा कदम उठा सकती है।



#### आर्थिक संकेतों का हवाला दिया

मालवीय ने राहुल के दावे को धता बताते हुए कई आर्थिक संकेतों का हवाला दिया है। उन्होंने कहा कि मई 2026 में ई-वे बिल जेनरेट करने में 12.9 फीसदी का इजाफा हुआ है। मैन्यूफैक्चरिंग और सर्विसेज एक्टिविटी भी मजबूत रही है। दोनों की पीएमआई 56.6 और 58.9 फीसदी रही है। वहीं, रिटेल इन्फ्लेशन अप्रैल में 3.48 फीसदी रहा है जो आरबीआई के टारगे से नीचे है। इसके अलावा विदेशी निवेश ने वित्तवर्ष 2026 में 94.5 बिलियन की ऊंचाई को छुआ है।

#### सरकार के उपायों की दी जानकारी

उन्होंने कहा कि जब दुनिया में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ीं तो पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती ने उपभोक्ताओं को राहत दी। घरेलू उपलब्धता की रक्षा और मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए आवश्यकतानुसार आपूर्ति में हस्तक्षेप और निर्यात प्रतिबंधों का उपयोग किया गया।

#### सरकार कर रही मजबूत करने का काम

मालवीय ने कहा कि केंद्र ने सतही कोयला और लिग्नाइट गैसीफिकेशन प्रोजेक्ट के लिए 37,500 करोड़ मंजूर किए हैं। यह 75 मिलियन टन गैसिफिकेशन क्षमता बनाने, 2.5-3 लाख करोड़ के निवेश को बढ़ाएगा।

पूनावाला बोले


#### आपातकाल कांग्रेस के अंदर

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि राहुल गांधी की टिप्पणियां कांग्रेस के इतिहास, मानसिकता को दर्शाती हैं। राहुल ऐसे परिवार से हैं, जिसका इतिहास आपातकाल से जुड़ा रहा है। इसलिए उन्हें लगता है कि हर कोई आपातकाल लगाने वाला है। भारत में संविधान को इंदिरा गांधी ने किया था। पूनावाला ने आरोप लगाया कि राहुल पहले भी अर्थव्यवस्था, कोविड टीकों और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर भ्रामक बयान देते रहे हैं। बार-बार कह रहे अर्थव्यवस्था ढह चुकी है, जबकि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। कोविड टीकों के खिलाफ दुष्प्रचार किया था।



### राहुल ने कृषि और शिक्षा नीति पर उठाए सवाल | मोदी सरकार ने अमेरिका के सामने किया सरेंडर

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। सिमकनी में जनसभा में खराब मौसम के कारण राहुल गांधी व्यक्तिगत रूप से तो नहीं पहुंच सके, उन्होंने दिल्ली से ही फोन के माध्यम से जनसभा को संबोधित किया। राहुल ने केंद्र सरकार की विदेश नीति पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने अमेरिका के सामने पूरी तरह सरेंडर कर दिया है। उन्होंने कहा कि आज हमारे देश की विदेश नीति को अमेरिका कंट्रोल कर रहा है। अमेरिका भारत को दबाव में ले रहा है और वह तय कर रहा है कि भारत को किस देश से तेल खरीदना चाहिए और किससे नहीं। उन्होंने कहा कि केंद्र की वर्तमान नीतियों के कारण देश की शिक्षा व्यवस्था और कृषि क्षेत्र गहरे संकट में हैं। नीतियां कुछ चुनिंदा लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए बनाई जा रही हैं। राहुल ने कहा कि जीएसटी गलत तरीके से लागू की गई। इसके कारण देश के छोटे-छोटे कारोबार बंद हो गए। रोजगार खत्म हो गए और पूरा व्यापार कुछ बड़े उद्योगपतियों के हाथों में सिमट कर रह गया है।



केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री पुरी बोले

## सरकार 2027 तक 5,000 ई 85 ईंधन स्टेशन शुरू करेगी

दिल्ली, मुंबई, पुणे और नागपुर में होगी शुरुआत



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत देश में फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों को बढ़ावा देने के लिए चरणबद्ध तरीके से ई85 ईंधन वितरण स्टेशनों का विस्तार करेगा। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र , मुंबई, पुणे और नागपुर सहित प्रमुख शहरी गलियारों में शुरुआत में 100 तक ई85 ईंधन स्टेशन स्थापित किए जाएंगे।नई दिल्ली में मारुति सुजुकी वैगनआर फ्लेक्स फ्यूल के लॉन्च कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि ई 85, जिसमें 85 प्रतिशत तक एथेनॉल मिश्रित होता है, को भारतीय मानक ब्यूरो के मानकों के तहत फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों के लिए मोनो-फ्यूल मानक के रूप में चिन्हित किया गया है।

#### यह सबसे स्वच्छ ईंधन विकल्पों में से एक

उन्होंने कहा कि ई85 को भारत के वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की ओर बढ़ते कदम के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों की तुलना में भी सबसे स्वच्छ ईंधन विकल्पों में से एक माना जा रहा है। पुरी ने बताया कि फ्लेक्स-फ्यूल अवसंरचना का विस्तार चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। दिसंबर 2026 तक स्टेशनों की संख्या बढ़ाकर 500 की जाएगी। 2027 के अंत तक देश के प्रमुख शहरों में 5,000 आउटलेट स्थापित करने का लक्ष्य है।

#### इससे कार्बन उत्सर्जन भी कम होगा

उन्होंने कहा कि फ्लेक्स-फ्यूल तकनीक अब दोपहिया वाहनों से चारपहिया वाहनों तक पहुंच चुकी है, जो इस क्षेत्र के लिए अहम है। यदि नए बिकने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहनों में से 50 प्रतिशत फ्लेक्स-फ्यूल आधारित हो जाएं, तो इससे 311.8 करोड़ लीटर अतिरिक्त एथेनॉल की मांग पैदा होगी, किसानों की आय में लगभग 12,403 करोड़ की बढ़ोतरी होगी और लगभग 66.4 लाख मीट्रिक टन कार्बन उत्सर्जन कम होगा।

#### किसानों की आय भी बढ़ेगी

उन्होंने कहा कि इससे न केवल ऊर्जा आयात बिल कम होगा, बल्कि किसानों को आय का एक अतिरिक्त और टिकाऊ स्रोत भी मिलेगा। इससे किसान केवल अन्नदाता ही नहीं बल्कि ऊर्जा प्रदाता भी बनेंगे। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भारत के स्वच्छ परिवहन समाधानों की ओर तेजी से बढ़ने के साथ अधिक वाहन निर्माता कंपनियों के फ्लेक्स-फ्यूल क्षेत्र में आने की उम्मीद है।

## मुस्लिम नेताओं ने सत्ता में मांगी हिस्सेदारी, ताकत की धमकी दी

### हजरत सैयद फतेह शाह वली दरगाह में की बैठक

एजेंसी ▶▶ हुबली

कर्नाटक के मुस्लिम धार्मिक नेताओं और उलेमाओं ने राज्य मंत्रिमंडल में मुस्लिम समुदाय के 5 नेताओं को शामिल करने की मांग की है। उनका कहना है कि कांग्रेस सरकार मुस्लिम मतदाताओं के समर्थन से सत्ता में आई है, इसलिए समुदाय को सरकार में उचित प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। यह मांग बुधवार शाम हुबली के बेल्लीनगर स्थित हजरत सैयद फतेह शाह वली दरगाह में नेताओं और उलेमाओं की एक बैठक में उठाई गई।

कर्नाटक में कांग्रेस के सामने बड़ी परेशानी खड़ी



**हम आंदोलन शुरू करेंगे :** बैठक के दौरान कुछ वक्ताओं ने कड़ा रुख भी अपनाया। एक वक्ता ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 5 मंत्री पद नहीं दिए गए तो हम अपनी ताकत दिखाएंगे।

#### मंत्रिमंडल में जगह नहीं दी गई तो...

बैठक में बीजेड जमीर अहमद खान, एनए हैरिस, तनवीर सैत और सलीम अहमद को मंत्रिमंडल में शामिल करने की मांग की गई। अब समुदाय के 4 अन्य वरिष्ठ नेताओं को भी मंत्री बनाएं। यदि 5 मुस्लिम नेताओं को मंत्रिमंडल में जगह नहीं दी गई तो आने वाले दिनों में इसके गंभीर परिणाम देखने को मिलेंगे। मैं साफ तौर पर कहना चाहता हूं कि ऐसी स्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### दिल्ली-एनसीआर में तूफानी बारिश | 100 किमी प्रति घंटा की चली हवाएं, कई जगह गिरे पेड़, दिन में ही छा गया अंधेरा

. तेज धूल भरी आंधी से जनजीवन ठहर गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और एनसीआर में गुरुवार को अचानक मौसम ने करवट ली। तेज धूल भरी आंधी के बाद झमाझम बारिश शुरू हुई। इससे पूरे शहर का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। सड़कों पर वाहन फंसे रहे और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई इलाकों में बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई। आंधी से कछ जगह टीन शेड गिरने की सूचनाएं हैं।



#### मौसम विभाग ने दी थी चेतावनी

दिल्ली मौसम विभाग ने पहले दोपहर 2:00 बजे के आसपास दिल्ली में हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान जताया था। इसके साथ मध्यम गरज-चमक, बिजली और तेज हवाएं चलेगी। हवाओं की रफ्तार 80 से 100 किलोमीटर प्रति घंटा रहने के आसार जताए थे।

टीएमसी की हार के बाद पार्टी में बगावत हो गई और तेज, अब तो 'अपने' ही उठाने लगे सवाल

# पहली बैठक में ममता के तेवरों से भड़के विधायक, नेतृत्व पर ही दागे सवाल

### विधायकों के बगावत करने की वजह का खुलासा किया

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में टीएमसी अपना वजूद बचाने की चुनौती से जूझ रही है। टीएमसी के 80 में से 60 विधायकों के पार्टी से बगावत करने का दावा किया जा रहा है। बंगाल चुनाव में मिली हार के बाद विधायकों के बगावत करने का खुलासा अब पार्टी से निष्कासित नेता संदीपन साहा ने कर दिया है। साहा ने बताया कि बगावत की नींव चुनाव नतीजे आने के बाद छह मई को हुई पार्टी बैठक में ही पड़ गई थी। साहा ने बताया कि इस पूरे घटनाक्रम का 'ट्रिगर पॉइंट' पार्टी की चुनावी हार के बाद आया। उन्होंने कहा कि जब वे पार्टी की बैठक में शामिल हुए, तो सभी विधायकों को एक निर्देश जारी किया गया कि अभिषेक बेनर्जी के बारे में कोई भी आलोचनात्मक शब्द कहने की इजाजत नहीं होगी।

अभिषेक की आलोचना न हो, ताली भी बजानी होगी

#### विधायकों के मन में भरा शक और हो गई पार्टी में टूट



साहा ने कहा कि स्वाभाविक रूप से ऐसी घटना मन में असहजता पैदा करती है। आज जब लोगों को इस रवैये को खारिज करने का अवसर मिला है। उन्होंने पार्टी के 60 बागी विधायकों के मुद्दे पर कहा कि कुछ ऐसे विधायक भी थे, जो एलओपी के चयन के समय मौजूद नहीं थे, लेकिन उनके नाम बड़े अक्षरों में दर्ज कर दिए गए।

#### पूर्व विधायक शौकत मोल्ला के घर छापा

एनआईए ने गुरुवार को भांगड़ के दक्षिण बामुनिया इलाके में टीएमसी के पूर्व विधायक शौकत मोल्ला के घर की तलाश ली है। पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले दक्षिण बामुनिया इलाके में बम धमाका हुआ था। धमाके में एक शख्स की जान चली गई थी।

सुरेंद्रनाथ कॉलेज हथियार मामला

#### टीएमसी नेता परितोष दत्ता गिरफ्तार



टीएमसी के नेता परितोष दत्ता को कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी सुरेंद्रनाथ कॉलेज हथियार मामले में हुई है। पुलिस आयुक्त ने पुष्टि की कि बर्धमान से गिरफ्तार किया है।

पूर्व मुख्यमंत्री ममता को लगा एक और बड़ा झटका

## अब करीबी नेता चक्रवर्ती ने दिया मेयर पद से इस्तीफा


ममता बेनर्जी इस वक्त सबसे मुश्किल घड़ी का सामना कर रही हैं। 28 साल पुरानी पार्टी तृणमूल कांग्रेस एक हार से टूट गई है। इस बीच टीएमसी में ममता बनर्जी के कई करीबी नेता उनका साथ छोड़ रहे हैं। अब कृष्णा चक्रवर्ती ने बिधाननगर म्युनिसिपैलिटी के मेयर पद से इस्तीफा दे दिया है।

गृह मंत्रालय भड़काऊ टिप्पणी

#### ममता पर एफआईआर दर्ज



गृह मंत्रालय को लेकर भड़काऊ बयान देने के मामले में बंगाल की पूर्व सीएम ममता बेनर्जी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। सिलीगुड़ी साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में केस दर्ज हुआ है।



# बजट बताना सिर्फ पब्लिसिटी का एक तरीका है : मनोज

**मुंबई।** रणबीर कपूर की फिल्म रामायण और महेश बाबू की वाराणसी जैसी बड़ी फिल्मों की काफी चर्चा है। लोग इन फिल्मों की कहानी से ज्यादा इनके करोड़ों रुपये के बजट को लेकर बातें कर रहे हैं। मशहूर अभिनेता मनोज बाजपेयी ने इस बात पर नाराजगी जताई है और दर्शकों को समझाया है कि उन्हें फिल्म की कमाई या बजट से कोई लेना-देना नहीं होना चाहिए। मनोज बाजपेयी से जब पूछा गया कि 'रामायण' और 'वाराणसी' जैसी फिल्मों के मेकर्स उनके भारी-भरकम बजट का इतना प्रचार क्यों कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि यह सब पब्लिसिटी स्टंट का एक जरिया है। पिछले 15 साल से फिल्मों को हिट दिखाने के लिए इस तरीके का इस्तेमाल किया जा रहा है।

## लाइफ Style



# जान्हवी

## पेद्दी की रिलीज से पहले पहुंचीं तिरुमला

जान्हवी कपूर 'पेद्दी' की रिलीज से पहले तिरुमला मंदिर पहुंची हैं। यहां वह नंगे पैर सीढ़ियां चढ़ते नजर आईं। यहां से बाहर निकल कर उन्होंने अपने फैंस से बात की है। जान्हवी कपूर अपनी नई फिल्म 'पेद्दी' को लेकर चर्चा में हैं। बुधवार को इस फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग हुई है, जिस पर दर्शकों ने खूब प्यार लुटाया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

चार जून को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इससे पहले जान्हवी कपूर तिरुमला मंदिर पहुंची हैं। सोशल मीडिया पर उनके कई वीडियो वायरल हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में देखा जा सकता है कि जान्हवी कपूर नंगे पैर तिरुमला मंदिर पहुंची हैं। यहां उन्होंने माथा टेका है। इसके बाद माथे पर तिलक लगाया है। मंदिर से बाहर निकल कर वह सड़क पर भी नंगे पैर चलते दिखीं। इस बीच कई दूसरी महिलाएं भी उनके साथ थीं। कई फैंस ने उनके साथ बात की। एक दूसरे वीडियो में देखा जा सकता है कि जान्हवी कपूर मंदिर की सीढ़ियों पर बैठी हैं। वह फोन पर किसी से बात कर रही हैं। इस बीच उनका एक साथी उन्हें कुछ देता है। एक और वीडियो में जान्हवी कपूर तिरुमला मंदिर के बाहर नजर आईं। इसमें वह साड़ी पहने हुए हैं। माना जा रहा है कि जान्हवी दोबारा तिरुमला मंदिर पहुंची हैं। आपको बता दें कि राम चरण और जान्हवी कपूर की अदाकारी वाली फिल्म 'पेद्दी' की स्पेशल स्क्रीनिंग में राम चरण की पत्नी उपासना कोनिडेला पहुंची। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि उपासना कोनिडेला अपनी सीट पर बैठी हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# पीबो को मिले थे दो ग्रेमी अवॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** डिज्नी के कई क्लासिक गानों को आवाज देने वाले सिंगर पीबो ब्रायसन का निधन हो गया है। इस दिग्गज सिंगर ने ब्यूटी एंड द बीस्ट, अ होल न्यू वर्ल्ड जैसे कई गाने गाए थे। इस सिंगर को 1992 और 1993 में दो ग्रैमी अवॉर्ड मिले थे। वैरायटी के अनुसार पीबो के परिवार ने एक बयान जारी किया, जिसमें उन्होंने कहा 'सिंगर की 'असाधारण' आवाज ने पांच दशकों से भी ज्यादा समय तक जिंदगी के कुछ सबसे यादगार पलों के लिए बैकग्राउंड म्यूजिक का काम किया। उनके म्यूजिक ने कई पीढ़ियों को खुशी के मौकों, प्रेम कहानियों और सुकून के पलों में साथ दिया।




# प्रियंका ने मर्लिन को दी श्रद्धांजलि, लिखा भावुक नोट

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री मर्लिन मुनरो के 100वें जन्मदिन के मौके पर बॉलीवुड और हॉलीवुड स्टार प्रियंका चोपड़ा जोनस ने उन्हें सोशल मीडिया पर याद किया है। प्रियंका ने मर्लिन मुनरो की लाल रंग की ड्रेस वाली एक खूबसूरत फोटो शेयर की और उनके लिए एक खास संदेश लिखा। प्रियंका ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'मर्लिन मुनरो को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आज वह 100 साल की हो गई होतीं।' इसके साथ उन्होंने कई लाल दिल वाले इमोजी भी बनाए। प्रियंका की यह पोस्ट सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है और दुनिया भर के फैंस इसे पसंद कर रहे हैं। मर्लिन मुनरो का असली नाम 'नॉर्म जीन मौरटेंसन' था। उनका जन्म 1 जून, 1926 को लॉस एंजिल्स (अमेरिका) में हुआ था। वह हॉलीवुड इतिहास की सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक हैं।



# एक पप्पी के रोने से इतना बवाल मचा दिया

**मुंबई।** अभिनेत्री नुसरत भरूचा उस समय अचानक सुर्खियों में आ गईं, जब विराट कोहली की आरसीबी के आईपीएल जीतते ही उन्होंने एक स्टोरी साझा की। उनकी ये इंस्टाग्राम स्टोरी देखते-देखते ही वायरल हो गई। स्टोरी में दिख जरूर आरसीबी की जीत रही थी, लेकिन पीछे आ रही आवाजों ने सुर्खियां बटोरीं और स्टोरी को वायरल कर दिया। इसके बाद इस पर नुसरत को लेकर तरह-तरह के रिएक्शन आने लगे। अब नुसरत भरूचा ने इस वायरल स्टोरी पर पहली बार प्रतिक्रिया दी है और पूरे मामले पर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने लिखा, 'फिर से पोस्ट कर रही हूं, क्योंकि मैं जानना चाहती हूं कि मेरे पप्पी (छोटे कुत्ते) की आवाजों से क्या दिक्कत है और क्यों इतना बवाल मचा है। कुछ लोगों ने हद ही कर दी है। एक पप्पी के रोने की आवाज से इतना बवाल मचा दिया।



# कॉकटेल-2 ने रिलीज से पहले की कमाई

**नई दिल्ली।** शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की रोमांटिक फिल्म 'कॉकटेल 2' इस महीने की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म के निर्देशक होमी अदजानिया हैं। यह साल 2012 में आई सुपरहिट फिल्म 'कॉकटेल' का सीक्वल है। हाल ही में मुंबई में इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया है। फिल्म 'कॉकटेल 2' 19 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। वहीं, फिल्म ने रिलीज से पहले ही अपने बजट का 50 प्रतिशत रुपया वसूल कर लिया है। 'कॉकटेल 2' बॉलीवुड की अब तक की सबसे महंगी रोमांटिक फिल्मों में से एक है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 'कॉकटेल 2' का कुल बजट लगभग 150 करोड़ रुपए है। फिल्म को बनाने का खर्च 95 करोड़ रुपए है। शाहिद, कृति और रश्मिका की फीस मिलाकर लगभग 35 करोड़ है।

## टीवी मसाला



# शिल्पा की हरकत पर भड़कीं हिना, 'ये सरासर शर्मनाक'

**नई दिल्ली।** 'अंगूरी भाभी' के नाम से मशहूर हुईं शिल्पा शिंदे ने हाल ही एक पॉडकास्ट में खुलासा किया था कि उन्होंने 'भाबीजी घर पर हैं!' के प्रोड्यूसर पर यौन उत्पीड़न के जो आरोप लगाए थे, वो झूठे थे। शिल्पा के इस खुलासे से सभी सन्न रह गए और एक्ट्रेस की गिरफ्तारी की मांग उठ रही है। सोशल मीडिया पर यूजर्स शिल्पा शिंदे पर जमकर गुस्सा निकाल रहे हैं। इसी बीच एक्ट्रेस हिना खान का भी इस मामले पर रिएक्शन आया है। उन्होंने शिल्पा शिंदे के आरोपों को 'शर्मनाक' बताया और साथ ही कहा कि इस मामले में असली पीड़ित तो 'भाबीजी घर पर हैं!' के प्रोड्यूसर संजय कोहली हैं। हिना खान ने शिल्पा शिंदे को लताड़ लगाते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी पर लंबा-चौड़ा नोट लिखा। इसमें उन्होंने निजी फायदे के लिए यौन उत्पीड़न के आरोपों के कथित दुरुपयोग की निंदा की। हिना खान ने लिखा, 'मैं आमतौर पर किसी दूसरे के बारे में बात नहीं करती। किसी और के मामले में न तो दखल देती हूं ना रिएक्ट करती हूं।। मैं तभी बोलती हूं, जब कुछ बहुत ही सेंसिटिव मुद्दा होता है, या फिर कुछ ऐसा होता है जो सामाजिक तौर पर, खासकर महिलाओं को प्रभावित करता है। किसी विवाद में जीत हासिल करने के लिए किसी की छवि खराब करने के लिए अपने जेंडर का इस्तेमाल करना सरासर शर्मनाक है।' हिना ने आगे लिखा, 'मुझे कितना तगड़ा झटका लगा है, बता नहीं सकती, पर असल पीड़ित कौन है, उसके बारे में मैं यहां बात करना चाहती हूं। और वो है एक सम्मानित व्यक्ति, जिसकी पत्नी, बेटी और परिवार में कई अन्य महिलाएं हैं।

## जुड़वा बच्चों की मां बनीं संभावना

**नई दिल्ली।** मशहूर एक्ट्रेस संभावना सेठ और उनके पति अविनाश द्विवेदी के घर शादी के 10 साल बाद आखिरकार बच्चों की किलकारी



गूंज उठी है। 45 साल की उम्र में संभावना सरोगेसी के जरिए जुड़वा बच्चों (एक बेटा और एक बेटी) की मां बनी हैं। संभावना ने इंस्टाग्राम पर बच्चों के जन्म की खुशी फैंस के साथ शेयर की। उन्होंने बेहद भावुक होकर लिखा, 'इस साल हमारे घर महा-दिवाली वक्त से पहले ही आ गई है। हमारे घर साक्षात लक्ष्मी और गणेश आ गए हैं। हमारा दिल खुशियों से भर गया है। हर हर महादेव।' संभावना ने अस्पताल से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वो अपने जुड़वा बच्चों को देखकर फूट-फूटकर रोती नजर आ रही हैं।


# बॉक्स ऑफिस पर ऑब्सेशन का जलवा बरकरार


**नई दिल्ली।** सिनेमाघरों में बॉलीवुड के साथ कई साउथ की फिल्में लगी हैं। इन सभी फिल्मों पर हॉलीवुड फिल्म 'ऑब्सेशन' भारी पड़ रही है। भारत में दर्शक इसे प्यार दे रहे हैं। द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो, चांद मेरा दिल और पति पत्नी और वो दो के कलेक्शन में काफी गिरावट आई है। वहीं, दृश्यम 3 और करुप्पु ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी मौजूदगी बनाए रखी है।

**ऑब्सेशन** : फिल्म 'ऑब्सेशन' भारत में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। बुधवार को इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 2.90 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। मंगलवार को इसने तीन करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। छह दिनों में इस फिल्म का कुल कलेक्शन 15.65 करोड़ रुपए हो गया है। भारत में यह फिल्म 29 मई को रिलीज हुई थी। दुनियाभर में यह 15 मई को रिलीज हुई थी।

**द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो** : फिल्म द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो की रफ्तार बॉक्स ऑफिस पर और धीमी हो गई है। बुधवार को इसने बॉक्स ऑफिस पर 10 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। मंगलवार को इसने सिर्फ 16 लाख रुपए कमाए थे। छह दिनों में इस फिल्म का टोटल कलेक्शन 1.65 करोड़ रुपए हो गया है। बच्चों पर आधारित इस फिल्म से काफी उम्मीदें थीं, हालांकि यह उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकी।

**चांद मेरा दिल** : लक्ष्य और अनन्या पांडे की फिल्म 'चांद मेरा दिल' का कलेक्शन भी काफी घट गया है। दूसरे बुधवार को इसने 90 लाख रुपए का कलेक्शन किया है। मंगलवार को इसने एक करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म का टोटल कलेक्शन 27.20 करोड़ रुपये हो गया है। यह फिल्म 22 मई को रिलीज हुई थी।





**दृश्यम 3** : मलयालम फिल्म 'दृश्यम 3' रिलीज के बाद से ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। दूसरे वीकएंड के बाद इसके कलेक्शन में गिरावट देखने को मिली। दूसरे बुधवार को इसने 1.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। मंगलवार को इसने 1.55 करोड़ रुपए कमाए थे। फिल्म का टोटल कलेक्शन 101.70 करोड़ रुपए हो गया है।

**करुप्पु** : साउथ के स्टार सूर्या की फिल्म 'करुप्पु' की कमाई तीसरे वीकएंड के बाद घटी है। तीसरे बुधवार को इसने 1.77 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। मंगलवार को इसने 2.35 करोड़ रुपये कमाए थे। 20 दिनों में फिल्म का टोटल कलेक्शन 188.84 करोड़ रुपए हो गया है। यह फिल्म 14 मई को रिलीज हुई थी।

**पति पत्नी और वो दो** : आयुष्मान खुराना, सारा अली खान, रकुल प्रीत सिंह और वामिका गब्बी की फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' की कमाई अब लाखों में सिमट गई है। तीसरे बुधवार को इसने 66 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। मंगलवार को इसने एक करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म का टोटल कलेक्शन 49.41 करोड़ रुपए हो गया है।

# आज थिएटर्स और ओटीटी पर ये फिल्में-सीरीज हो रही हैं रिलीज...

*नई दिल्ली। 5 जून का दिन आपके वीकेंड का मजा दोगुना कर देगा। दरअसल, शुक्रवार के दिन ओटीटी और सिनेमाघरों में एक या दो नहीं, बल्कि 12 फिल्में और सीरीज दस्तक दे रही हैं। करिश्मा कपूर के कमबैक से लेकर साउथ के मोहनलाल तक, बड़े बड़े स्टार्स आपका मनोरंजन करने आ रहे हैं।*

***गुल्लक सीजन 5*** : मिश्रा परिवार अपनी मीठी नोक-झोंक और 'गुल्लक' की नई कहानियों के साथ वापस आ रहा है। इस सीजन में अन्नू अपनी अलग दुनिया बसाता हुआ है और अमन नए पचड़ों में फंसता नजर आएगा। सबसे मजेदार ट्विस्ट ये है कि बिट्टू की मम्मी अचानक डिजिटल की दुनिया में फेमस होने वाली हैं। सोनी लिव पर रिलीज हो रही है।

***ब्राउन*** : बॉलीवुड एक्ट्रेस करिश्मा कपूर एक बेहद दमदार और डार्क रोल के साथ वापसी कर रही हैं। ये सीरीज अभीक बरुआ की बुक 'सिटी ऑफ डेथ' पर आधारित एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर है। जी5 पर रिलीज हो रही है।

***पेट्रियोट*** : साउथ सिनेमा के दो सबसे बड़े दिग्गज, ममूटी और मोहनलाल, इस पॉलिटिकल स्पाई थ्रिलर में एक साथ स्क्रीन शेयर कर रहे हैं।



कहानी डॉ. डैनियल जेम्स (ममूटी) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक टेक एक्सपर्ट हैं। जी5 पर रिलीज हो रही है।

***द पिरामिड स्कीम*** : रणवीर शौरी, शेखर सुमन और परमवीर सिंह चीमा की ये सीरीज है। हरिद्वार के एक दुकानदार गोल्डी और मान-सम्मान की तलाश में भटके मनोज को तरुण बजाज (शेखर सुमन) नाम का एक शातिर मेंटॉर मिलता है। अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हो रही है।

***टीच यू अ लेसन*** : फेमस वेबतून 'गेट स्कूल्ड' पर बनी ये एक हाई-एक्शन कोरियन ड्रामा है। कहानी एजुकेशनल राइट्स प्रोटेक्शन एजेंसी नाम की एक सरकारी टास्क फोर्स की है, जो स्कूलों में होने वाली हिंसा और गुंडागर्दी को खत्म करने के लिए कानून को अपने हाथ में लेती है। नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है।

***बंदर*** : हिंदी सिनेमा के दर्शकों के लिए बड़े पर्दे पर फिल्म 'बंदर' रिलीज होने जा रही है। अपनी अनोखी कहानी और बेहतरीन टाइटल की वजह से ये फिल्म सोशल मीडिया पर पहले ही चर्चा में है। इस फिल्म में बॉबी देओल लीड रोल में हैं।

## इंडस्ट्री के चर्चित और सफल फिल्ममेकर्स में होती थी पहलाज निहलानी की गिनती

# गोविंदा को बनाया सुपरस्टार, सेंसर बोर्ड के संस्कारी चीफ बन बटोरीं चर्चाएं

*मुंबई। निर्माता-निर्देशक और सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन के पूर्व चेयरमैन पहलाज निहलानी ने 76 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। पहलाज निहलानी के निधन से पूरी इंडस्ट्री शोक में है। पहलाज निहलानी की गिनती इंडस्ट्री के चर्चित और सफल फिल्ममेकर्स में होती थी। उन्होंने गोविंदा जैसे स्टार को लॉन्च किया, जबकि चंकी पांडे को भी इंडस्ट्री में लाने वाले पहलाज निहलानी ही थे।*



### हथकड़ी से की बतौर प्रोड्यूसर शुरुआत

10 जनवरी 1950 को जन्में पहलाज निहलानी को बचपन से ही सिनेमा के प्रति गहरी रुचि और लगाव था। यही कारण है कि वो मुंबई की चकाचौंध की ओर खिंचे चले आए। उन्होंने फिल्म निर्माण की बारीकियों को जमीन से जुड़कर सीखा। 1970 के दशक के अंत 1980 के दशक की शुरुआत में जब हिंदी सिनेमा रोमांटिक फिल्मों से हटकर एक्शन और ड्रामा की तरफ बढ़ रहा था, तब उन्होंने बतौर स्वतंत्र निर्माता कदम रखा। वह ऐसा सिनेमा बनाना चाहते थे जो भारत के आम आदमी, रिक्शेवाले और फ्रंट-रो दर्शकों को पसंद आए। पहलाज निहलानी ने साल 1982 में फिल्म 'हथकड़ी'से बतौर प्रोड्यूसर अपनी शुरुआत की। फिर 1985 में दूसरी फिल्म आंधी-तूफान का निर्माण किया। ये दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रहीं।

### कई बड़े स्टार्स के साथ किया काम

पहलाज निहलानी ने अपने कॅरियर में कई दिग्गज कलाकारों के साथ काम किया और फिल्में बनाईं। इनमें धर्मेंद्र, शत्रुघ्न सिन्हा, मिथुन चक्रवर्ती और दिव्या भारती जैसे स्टार्स के नाम शामिल हैं। उन्होंने अपने कॅरियर में दर्जनों मसाला और फैमिली एंटरटेनर फिल्मों का निर्माण किया।

### शोला और शबनम जैसी सफल फिल्म दी

हालांकि, पहलाज को गोविंदा का चेहरा पसंद नहीं आया, लेकिन डांस और एक्शन से प्रभावित होकर उन्होंने गोविंदा को हां कह दिया। इस तरह से फिल्म इल्जाम से गोविंदा ने अपने एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की। यह फिल्म ब्लॉकबस्टर रही और गोविंदा रातों-रात डांसिंग और एक्टिंग आइकन बन गए। इसके बाद उन्होंने गोविंदा के साथ शोला और शबनम (1992) और आंखें (1993) जैसी सफल फिल्में दीं।

### गोविंदा को किया लॉन्च

गोविंदा को इंडस्ट्री में लॉन्च करने वाले और उन्हें सुपरस्टार बनाने वाले पहलाज निहलानी ही थे। पहलाज निहलानी ने साल 1986 में फिल्म इल्जाम से गोविंदा को इंडस्ट्री में लॉन्च किया। हालांकि, पहलाज को गोविंदा की शक्ल पसंद नहीं आई थी, लेकिन उनके डांस मूव्स और एक्शन ने उन्हें इतना प्रभावित किया कि उन्होंने गोविंदा को लीड एक्टर के तौर पर लॉन्च कर दिया। एक पुराने इंटरव्यू में पहलाज निहलानी ने बताया था कि वो आंधी तूफान के बाद मैं मिथुन चक्रवर्ती और शत्रुघ्न के साथ एक फिल्म बनाना चाहता था। लेकिन, उन दोनों की डेट्स नहीं मिल सकीं। तभी मेरे पास गोविंदा आए। लेकिन उनके फोटोग्राफ्स मुझे पसंद नहीं आए। अगले दिन गोविंदा वीडियो कैसेट लेकर पहुंचे, जिनमें उनके डांस मूव्स थे।

### संवेदनशील डायलॉग्स पर चलाई कैंची

पहलाज निहलानी 2015 से 2017 तक सीबीएफसी के अध्यक्ष रहे। इस दौरान वो अपने कई फैसलों को लेकर चर्चाओं में रहें। उन्होंने फिल्मों में गालियों, धूम्रपान के सीन, अश्लीलता और राजनीतिक रूप से संवेदनशील डायलॉग्स पर पूरी तरह से कैंची चलाना शुरू कर दिया। उनके इस सख्त और पारंपरिक रवैये के कारण उन्हें 'संस्कारी' चेयरमैन का नाम दिया। उन्होंने शाहिद कपूर की 'उड़ता पंजाब' में कथित तौर पर 69 कट लगाने के लिए कहा था, जो काफी चर्चा में रहा था। फिल्म निर्माताओं के लगातार बढ़ते विरोध और इंडस्ट्री के भीतर बढ़ते असंतोष के बाद अगस्त 2017 में सरकार ने उन्हें पद से हटा दिया।